Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

Estd. 1861

# BOYS' HIGH SCHOOL AND COLLEGE
## FIRST TERM EXAMINATION (2024-25)
## CLASS - X
## HINDI


**Time- 2hrs** **M.M-80**

The Paper Comprises of two section A and Section B . Selection A is Compulsory . All questions in section A must be answered . Attempt any four questions from section B answering at least one question each from the two books you have studied . The intended marks for question as parts of questions are given in brackets.

**Section A (40 Marks)**
**(Attempt all Question)**

**Q.1** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए। **[15]**

1. " प्रेम से सामाजिक तथा राष्ट्रीय संबन्ध बढ़ते हैं।"
   इस विषय का विस्तार से वर्णन लिखिए, जहाँ आपके परिवार के बच्चे–बुजुर्ग सभी उपस्थित थे।
2. "एकता में बल" उक्ति को आधार बनाकर मौलिक कहानी लिखिए।
3. "जीवन संघर्ष होता है स्वप्न नही" हमें निरन्तर संघर्ष करते हुए बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ जीवन को जीना चाहिए। स्पष्ट कीजिए।
4. मानव जीवन में पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद का भी बड़ा महत्व है। शारीरिक शिक्षा मनुष्य को स्वस्थ व निरोगी रहने का सन्देश देती है, आप इस कथन से कहां तक सहमत हैं? स्पष्ट करें।
5. प्रस्तुत चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से से होना चाहिए।



**Q.2** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों मे पत्र लिखिए।

1. पशु–पक्षियों का मानव जीवन में महत्व बताकर उनके प्रति क्रूर व्यवहार न करने का परामर्श देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार–पत्र के सम्पादक को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव देते हुए पत्र लिखिए।

**Q.3** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथा सम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

बसन्त ऋतु का आगमन हो चुका था परन्तु कोयल और मोर उदास थे। जंगल के राजा ने एक जाँच आयोग का गठन करवाया जिसका प्रमुख कोटा बनाया गया। कौवे द्वारा पता चला कि कोयल और मोर एक ही घर मुंडेर पर बैठे थे कि तभी उसकी नजर घर पर चल रहे टेलीविजन पर पडी जिस पर नृत्य का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था। दोनो ही बड़े चाव से कार्यक्रम देखने लगा। नृत्यांगना मोर पंख पहनकर नाच रही थी। गायिका मधुर स्वर में गा रही थी। कार्यक्रम की समाप्ति पर दोनो को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देखकर दोनो उदास हो गये। वे सोंचने लगे कि हम दिन–रात मधुर वाणी और

मनमोहक अदाओं से सबका मन बहलाते है पर हमारी प्रशंसा में किसी ने कुछ नही कहा। कौए को जब दोनो बातों का पता चला तो उसने दोनो को समझाया कि पक्षियों में सबसे अधिक निरादर की भावना से मुझे देखा जाता है। मेरे सारे गुणों को ताक पर रख दिया जाता है। हम आस पास में गंदगी साफ कर देते है। हमें अन्य पक्षियों की तरह झगड़ते नहीं हैं। हमारे जैसा भाईचारा तो मनुष्यों में भी न होता। जब हमारा साथी मर जाता है तो सभी एकत्र हो कर काँव काँव कर अपना दुख प्रकट करते है। हम मित्रों और मेहमानों के आगमन की सूचना देते हैं। लोग हमारी कद्र नही करते गीता के उपदेश की तरह हम अपने कार्य को करते है फल की इच्छा नही करते। क्या तुम आज तक प्रशंसा और पुरस्कार के लिए गाते और नाचते रहे। इस पर्यावरण को खुश रखने में क्या तुम्हारी सबसे अहम भूमिका नहीं ?

कौवे की बात उन दोनो को समझ में आ गई। उसी समय जंगल में काले बादल छा गए। कोयल और मोर झूम–झूम कर नाचने और गाने लगे। सारे जंगल में खुशी की लहर दौड गयी। उनके साथ–साथ पशु–पक्षी पेड़–पौधे झूमने लगे। मोर नाचता रहा, उसके आँसू बहते रहे। कौवे ने कहा भगवान कृष्ण तुम्हारे पंख अपने सिर पर लगाते हैं। क्या इससे भी बढकर तुम्हारा पुरस्कार हो सकता है । इसी भाव से कोयल को मोर समझाया कि तुम ही तो बसंत के आगमन की सूचना देती हो। आमों की बहार आने की खुशियां देती हो। यह सब सुनकर दोनो की आँखें में खुशी के आँसू थे।

प्र01 मोर और कोयल क्यों उदास थे ? 2

प्र02 जंगल के राजा ने उनकी उदासी का पता लगाने के लिए क्या किया ? 2

प्र03 कौवे ने अपना उदाहरण क्या कहकर दिया ? 2

प्र04 कौवे की बातों का दोनो पर क्या प्रभाव पड़ा ? 2

प्र05 उन्हे अपने–अपने पुरस्कार किस रूप में प्राप्त हुए थे ? 2

**Q.4** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

**1.** 'निर्मला' का विलोम शब्द बताइएं

a. मामूली

b. मलिन

c. निगुण

d. क्षद्र

**2.** 'कोयल' का पर्यायवाची बताइए।

a. पिक – कोयल

b. काक – वायस

c. सारंग – हरि

d. उरग – व्याल

**3.** 'मधुर' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए।

a. माधुरी

b. मधुरत्व

c. माधुर्य

d. इनमें से कोई नहीं

**4.** 'मानव' शब्द का विशेषण बताइए।

a. मनुष्य

b. मानवीकरण

c. मानवता

d. मानवीय

**5.** 'आर्शिवाद' का शुद्व रूप लिखिए।

a. आशीर्वाद

b. आशीरवाद

c. आर्शिरवाद

d. आशरवाद

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute
8-D, Kutchery Road, Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

6. 'अग्नि परीक्षा देना' मुहावरे का अर्थ बताइए। 1
 a. कठोर तप करना
 b. साहस पूर्वक सामना करना।
 c. दृढ निश्चय करना।
 d. कठिन परिस्थिति में पड़ना।

7. निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए।
पूरा नगर यज्ञ की तैयारी में लगा हुआ था।
(वाक्य में तैयार शब्द का प्रयोग कीजिए। )
 a. पूरा नगर यज्ञ की तैयार में लगा हुआ था।
 b. पूरा नगर यज्ञ को तैयार करने में संलिप्त है।
 c. पूरा नगर यज्ञ को तैयार करने में लगा हुआ था।
 d. पूरे नगर में यज्ञ को तैयार करने की होड़ लगी हुई है।

8. विवाह में अनेक राजाओं को नियन्त्रित किया गया।
(वाक्य में 'दिया गया' को प्रयोग कीजिए)
 a. विवाह में अनेक राजाओं को निमन्त्रण दिया गया।
 b. विवाह में बहुत से राजाओं को निमन्त्रण दिया गया।
 c. विवाह के कारण अनेक राजाओं को निमन्त्रण दिया गया।
 d. विवाह में कई राजाओं को निमन्त्रण दिया गया था।

## Section - B (Marks -40)

Attempt four Questions from this Section

### साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ

Q5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।
"मै ही सबके लिए मरा करूँ। मुझे अकपट, प्यार की आवश्यकता है। जीवन में वह कभी नही मिला।'
 1. "मै ही सबके लिए मरा करूँ" । वाक्य किसने कहा है ?
 2. वक्ता को किस चीज की आवश्यकता है ? क्या वह उसे मिली ?
 3. उपर्युक्त बातों को सुनकर वक्ता की पत्नी ने क्या कहा और क्यों ?
 4. वक्ता द्वारा ब्रज किशोर के सन्दर्भ में क्या कहा था ?

Q6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।
"उसने समझा था कि भैया मुझे बुलाकर समझा देंगें।"
 a. भैया के आने से एक दिन पहले लाल बिहारी की मन: स्थिति का वर्णन कीजिए।
 b. लाल बिहारी श्री कंठ की किस बात को सहन नही कर पाया और क्यों ?
 c. लाल बिहारी ने अपने भैया से क्या आशा लगा रखती थी ? इस आशा के विपरीत क्या हुआ ?
 d. लाल बिहारी ने अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार अभिव्यक्त की और इस सम्बन्ध में आनंदी से क्या कहा ?

Q7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।
"आनन्दी ने लाल बिहारी की शिकायत की थी, लेकिन अब मैं पछता रही थी। वह स्वभाव से दयालु थी।"
 a. आनन्दी कौन थी? उसके चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ? 2
 b. आनन्दी को किस बात का ध्यान नही था तथा वह मन में किस पर झुँझला रही थी। 2
 c. आनन्दी का रहा सहा क्रोध कब जाता रहा और उसके मन का मैल किस प्रकार धुल गया ? 3
 d. अन्त में क्या आनन्दी लाल बिहारी को घर से जाने पर रोक पाई? क्या दोनो भाई आपस में मिल पाए ? यदि हाँ तो कैसे स्पष्ट कीजिए। 3

### साहित्य सागर – पद भाग

Q8. " लाल कहैहों नन्द बाबा , तेरो सुत न कहैहों ।
कान लाय कछु कहत जसोदा, दाउहिं नाहि सुनैहों।

चन्दा हूँ ते अति सुन्दर तोहि नव दुलहिया ब्यैहो ।
तेरी सौ मेरी सुन मैया, अबही व्याहन जैहौं। ?
सूरदास सब सखा बराती, नूतन मंगल गैहौं।

सूर के पद (सूरदास)

a. बाल कृष्ण किससे हट कर रहें है ? वर्णन कीजिए : हट रूपी का 2
b. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए – 2
कहैहौं , दाउहिं, ब्यैहौं, गैहौं ।
c. माँ यशोदा बाल कृष्ण को किस प्रकार बहलाने का प्रयास कर रही है? 3
d. सूरदास जी का संक्षिप्त परिचय कीजिए। 3

**Q9.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिख प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए ।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहिं ।।
जो गति जो विराग जतन करि नहिं पावन मुनि ज्ञानी।
सो गति देत गीध सबरी कहूँ प्रभु न बहुत जिय जानी ।।
जो सम्पति दस सीस अरप केरि रावन सिव पहँ लीन्ही।।

विनय के पद तुलसीदास

a. संसार में किसके समान कोई और नहीं है और क्यों । 2
b. ''जो सम्पत्ति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्ही'' 2
पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
c. पद्यांश में राम की महिमा का बखान किस–प्रकार और क्यों किया गया है। 3
d. उपर्युक्त पंक्तियों में कवि ने किसी महिमा पर प्रकाश डाला है ? 3

**Q10.** निम्नलिखित पद्यांश को पढिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।
जाके प्रिय न राम वैदेही।।
तजिए ताहि कोटि वैरी सम जदपि परम सनेही।।
तज्यों पिता प्रह्लाद विभीषण बन्धु भरत महतारी।।
बलि गुरू तज्यों कन्त ब्रज बनितंहि, भए मुद मंगलकारी।।

विनय के पद – तुलसीदास जी

a. कवि के अनुसार किस प्रकार के मनुष्यों का त्याग कर देना चाहिए और क्यों ? 2
b. शब्दों का अर्थ लिखिए – कोटि, कन्त, बनितहिं, अंजन 2
c. प्रस्तुत पंक्यिों में किसका त्याग किया गया और क्यों । 3
d. तुलसी दास जी का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 3

**********************************

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE